वी.यू. युवा संवाद का सफल आयोजन

जबलपुर/नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालयए जबलपुर तथा राज्य शासन के संयुक्त तत्वधान में अमृत महोत्सव के अंतर्गत आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश रोडमैप में प्रदेश के युवाओं को पशुपालन के क्षेत्र में आकर्शित करने हेतु युवा उद्यमी संवाद का आयोजन पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालयए जबलपुर में दिनॉक 28.04.2022 को किया गया, जिसमें माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी**,** एवं माननीय अपर मुख्य सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभागए भोपाल, मध्यप्रदेश श्री जे.एन. कंसोटिया, संचालक पशुपालन डेयरी भोपाल, डॉ, मेहिया, वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम निसंदेह युवाओं के लिये लाभकारी होगें, न कि सिर्फ हमारे प्रदेश का युवा आजीविका कमायेगा अपितु हमारा प्रदेश भी पशुपालन द्वारा और बढ़ेगा तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इसके पश्चात श्री जे.एन. कंसोटिया जी ने अपने उद्बोधन मे कहा कि कृषकों की आय दुगुनी करने हेतु कृषि के साथ–साथ पशुपालन भी अत्यंत आवश्यक है, कृषकों को पशुपालन संबंधी जानकारी प्रदान करने हेतु इस प्रकार के आयोजन निरंतर होने चाहिए।

इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 400 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। यह संपूर्ण कार्यक्रम पशुचिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर, विस्तार शिक्षण के द्वारा माननीय कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य भूमिका अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा. संचालक विस्तार शिक्षा डॉ. सुनील नायक द्वारा निभाई गई। इस कार्यक्रम में निम्न विषयो पर जानकारी प्रदान की गई।

डेयरी पालन, डॉ. अकलंन जैन, बकरी पालन, डॉ. विश्वजीत राय, कुक्कुट पालन, डॉ. गिरिराज गोयल, पशु आहार, डॉ. अंकुर खरे, पशु रोग एवं निदान संबंधी, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. मनोज अहिरवार, कृत्रिम गर्भाधान एवं पशु प्रजनन, डॉ. नितिन बजाज, पशु उत्पादन प्रसंस्करण, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर सायलेज निर्माण, डॉ. पी.के. सिंह, डॉ. प्रवीण शिंदे, उपसंचालक गौ संवर्धन वोर्ड, भोपाल, प्रदेश की पशुपालन संबंधी विभागीय योजनाओं की जानकारी, डॉ. ए.के. लिखी. डॉ. गौरव थोराट, मध्यप्रदेश पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम, भोपाल, एम.पी.सी.डी.एफ. भोपाल, दुग्ध प्रसंस्करण, डॉ. डी.के. पाण्डेय, प्रबंध संयंत्र संचालक, आदि विषयों में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका सराहनीय रही ।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर